प्रेस नोट पुलिस मुठभेड़ थाना रसूलपुर दिनाँक 22-03-25 जनपद फिरोजाबाद।

थाना रसूलपुर पुलिस एवं एसओजी/सर्विलांस टीम द्वारा अवैध असलहों की तस्करी करने वाले 04 शातिर अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान किया गया गिरफ्तार, पुलिस मुठभेड़ में 01 अभियुक्त पैर में गोली लगने से हुआ घायल।

- **अभियुक्तों के कब्जे से 02 अवैध पिस्टल .32 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस .32 बोर, 02 खोखा कारतूस .32 बोर तथा 02 अवैध तमंचा 315 बोर, 05 जिंदा कारतूस 315 बोर व 02 खोखा कारतूस 315 बोर बरामद।**
- **अभियुक्त गुलाम हसन पैर में गोली लगने से हुआ घायल। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल में कराया गया भर्ती।**

श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर फिरोजाबाद के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना रसूलपुर पुलिस एवं एसओजी/सर्विलांस टीम को मुखबिर खास द्वारा सूचना दी गयी कि मोती नगर से मोढ़ा की तरफ जाने वाले रास्ते पर भट्टे के सामने स्थित बंद मकान के पीछे 04 अभियुक्त बैठकर अवैध असलहों की तस्करी की कार्य योजना बना रहे हैं। उक्त सूचना पर थाना रसूलपुर पुलिस एवं एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु घेराबंदी की गयी। अवैध असलहों की तस्करी की योजना बना रहे अभियुक्तों द्वारा खुद को घिरता हुआ देख कर पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर करते हुए भागने का प्रयास किया गया परन्तु पुलिस टीम आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी कार्यवाही में 01 अभियुक्त के पैर में गोली लग गयी जिसे घायल अवस्था में पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया तथा 03 अन्य अभियुक्त मौके का फायदा उठाकर भाग गये जिनको पुलिस टीम द्वारा काम्बिंग व घेराबंदी कर भागने के दौरान गिरफ्तार किया गया है। घायल अभियुक्त की पहचान अभियुक्त गुलाम हसन के रुप में हुई तथा काम्बिंग में गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान 2.पिंकू उर्फ प्रदीप, 3.दिनेश, 4.प्रवीण वर्मा के रुप में हुई है। अभियुक्तों के पास से 02 अवैध पिस्टल .32 बोर, 02 जिंदा कारतूस .32 बोर, 02 खोखा कारतूस .32 बोर एवं 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय 05 जिन्दा कारतूस 315 बोर व 02 खोखा कारतूस 315 बोर बरामद हुए हैं। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अन्य आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ एवं पुलिस कार्यवाही का विवरणः-

अभियुक्तगण द्वारा पूछताछ में बताया गया कि हम लोग आर्थिक लाभ हेतु अवैध असलहों की तस्करी करते हैं। आज भी हम लोग अवैध असलहों की तस्करी करने के उद्देश्य से ईंट भट्टे के सामने स्थित बंद मकान के पीछे बैठकर प्लानिंग बना रहे थे। इसी दौरान साहब ने हमें पूछताछ के लिये बुलाया परन्तु गिरफ्तारी के डर से हम पुलिस टीम पर फायर झोंककर भागने लगे, भागने के दौरान पुलिस टीम द्वारा हमें गिरफ्तार कर लिया गया है।

नाम व पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्तः-

1. गुलाम हुसैन पुत्र गुलाम नवी निवासी नक्कारची टोला बाजे वाली गली थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।
2. पिंकू उर्फ प्रदीप पुत्र रामप्रकाश निवासी नई बस्ती थाना दक्षिण फिरोजाबाद स्थायी निवासी जायमई थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
3. दिनेश पुत्र रमेश चन्द्र निवासी लोहावल खेड़ा जनपद मैनपुरी।
4. परवीन वर्मा पुत्र मितलेश निवासी काजी टोला थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।

बरामदगी का विवरणः-

1. 02 अवैध पिस्टल .32 बोर।
2. 02 अवैध तमंचा 315 बोर।
5. 07 जिंदा कारतूस।
6. 04 खोखा कारतूस।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः-

थाना रसूलपुर पुलिस पुलिस टीम-

1. प्र0नि0 अनुज कुमार थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद।
2. उ0नि0 विमल कुमार थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद।
3.उ0नि0 अमित आनन्द थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद।
4.उ0नि0 आयुष राणा थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद।
5. उ0नि0 ऋषभदेव भारद्वाज थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद।
6. हे0का0 1023 मोहम्मद आफताब थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद।
7. हे0का0 427 प्रणवीर थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद।
8. का0 306 राँकी तौमर थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद।
9. का0 356 अभिषेक उज्जवल थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद।
10. का0 1398 मोरध्वज थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद।

एसओजी/सर्विलांस टीमः-

1. अमित तोमर प्रभारी एसओजी / सर्विलांस टीम।

2. हे0का0 736 सुशील कुमार, 3. हे0का0 380 हरवीर सिह, 4. हे0का0 953 ललित कुमार, 5. का0 879 जयप्रकाश, 6. का0 920 संदीप यादव, 7. का0 887 उग्रसेन, 8. का0 118 रघुराज, 9. का0 723 कृष्ण कुमार, 10. का0 1176 लोकेश गौतम एसओजी/सर्विलांस टीम।